विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर

परिषद को राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर के माध्यम से रियायती दर पर भूखण्ड आवंटित

पृष्ठभूमि

परिषद की दिनांक 23 जून, 2013 को महेशनगर स्थित विजयवर्गीय धर्मशाला, जयपुर पर आयोजित आमसभा में वर्ष 2013–2015 अवधि के लिये परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद विजय (नारायणपुर निवासी) द्वारा उपस्थित परिषद सदस्यों से राज्य सरकार के माध्यम से जयपुर में विजयवर्गीय समाज के विभिन्न कार्यक्रमों हेतु सामुदायिक केन्द्र व भारत वर्ष से जयपुर में अध्ययन हेतु आने वाले विजयवर्गीय छात्रों के लिये छात्रावास बनाने के लिये जयपुर में उचित स्थान पर पर्याप्त भूमि रियायती दर पर उपलब्ध कराने के प्रयास की घोषणा की गई थी।

भूमि का आवंटनः

परिषद अध्यक्ष द्वारा जयपुर में रियायती दर पर भूखण्ड उपलब्ध कराने के प्रयासों के अन्तर्गत राज्य सरकार के नगरीय विकास एवं आवासन विभाग को दिनांक 25–06–2013 को परिषद एवं विजयवर्गीय समाज के उपयोग हेतु प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर में 3000 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया । विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त राजस्थान सरकार की मंत्रिमण्डल बैठक में लिये गये निर्णय की पालना में नगरीय विकास विभाग के पत्र दिनांक 12.09.2013 से विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर को प्रतापनगर, सांगानेर के सेक्टर 26 में 2904 वर्गमीटर का भूखण्ड विभागीय आरक्षित दर के 5 प्रतिशत पर आवंटित की गई। इस प्रक्रिया में विजयवर्गीय समाज के ''रत्न'' आदरणीय श्री कैलाश जी विजयवर्गीय, इन्दौर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आवंटित भूमि के पेटे आवासन मण्डल को भुगतानः

राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय की अनुपालना में राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा दिनांक 23.10.2013 को मांग पत्र जारी कर 18 लाख 28 हजार 822 रूपये जमा कराने के निर्देश प्रदान किये गये। आवासन मण्डल के अन्य मांग पत्र दिनांक 24.10.13 के अनुसार आवंटित भूमि पर स्थित चार दीवारी की निर्माण लागत रूपये 2.41 लाख एवं पत्र दिनांक 13.01.2014 के अनुसार चारदीवारी की निर्माण लागत की बकाया राशि रूपये 2 लाख 79 हजार 605 परिषद द्वारा आवासन मण्डल को जमा करा दी गई है।

कब्जा एवं अदेयता प्रमाण पत्र, रजिस्टरी व नक्शे का अनुमोदन की कार्यवाही

समस्त राशि जमा कराई जाकर भूखण्ड का कब्जा दिनांक 6–11–2013 को लिया जाकर भूखण्ड का ले–आउट प्लान दिनांक 14.11.2013 प्राप्त किया गया तथा समस्त विभागीय कार्यवाहियां पूर्ण करने के उपरान्त राजस्थान आवासन मण्डल से उक्त भूखण्ड के पेटे अदेयता प्रमाण पत्र दिनांक 21–04–2014 प्राप्त किया गया। इसके पश्चात 1 जुलाई, 2016 को नगर निगम, जयपुर से भूमि की रजिस्टरी कराई गई एवं 19 अक्टूबर,2016 को राजस्थान आवासन मण्डल के माध्यम से भूमि पर निर्मित होने वाले ''विजयवर्गीय सामुदायिक केन्द्र एवं छात्रावास भवन'' के नक्शों का अनुमोदन कराया गया । इस प्रकार भूमि का टाईटल ''विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर के पक्ष में पूर्णतया हो चुका है।

विजयवर्गीय समाज बन्धुओं को भूमि की सौगातः

इस प्रकार परिषद प्रयासों एवं विजयवर्गीय राजसेवकों (सेवानिवृत्त सहित) से प्राप्त सहयोग राशि अनुदान से आवासन मण्डल की कुल मांग (18,28,822+2,41,000+2,79,605) राशि रूपये 23 लाख 49 हजार 427 डीडी के माध्यम से जमा कराते हुये रियायती दर पर भूखण्ड प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की जाकर विजयवर्गीय समाज के बन्धुओं को सौगात दी गई।

भूमि का नींव पूजन :

भूमि आवंटन पर इस भूमि का नींव पूजन भी 29 जून, 2013 को स्वामीजी श्रीरामदयालजी महाराज के कर–कमलों से समाज के महानुभावों की उपस्थिति में कराया गया है।

समाज भामाशाहों द्वारा अनुदान की भरपूर घोषणाः

भूमि की नींव पूजन कार्यक्रम के अवसर पर महाराजश्री की प्रेरणा से जयपुर समाज के अनेक भामाशाहों द्वारा दिल खोल कर अनुदान देकर व घोषणा करके ''संगम'' निर्माण मे अपना सहयोग प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 1 करोड 25 लाख रूपये निर्माण कार्य के लिये देने की घोषणायें की गई थी ।

भूमि पर निर्माण प्रारम्भः

भूमि क्रय करने एवं निर्माण संबंधी नक्शे आदि अनुमोदित होने के उपरान्त विधिवत स्वामी रामचरण जयन्ती दिवस के अवसर पर 11 फरवरी, 2017 को ''संगम'' का निर्माण प्रारम्भ हुआ।